**लापरवाही** कलेक्टर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों की सुविधा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की दी हिदायत

# परिसर में जलभराव से नाराज हुए कलेक्टर



**नवभारत, कटनी।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और अस्पतालों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों का भ्रमण कर उपचार व्यवस्था, चिकित्सकों की उपलब्धता, स्वच्छता, मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया। अस्पताल परिसर में नालियों के कारण हुए जलभराव और फैली गंदगी को देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन दिवस के भीतर संपूर्ण ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त कर अस्पताल परिसर को जलभराव मुक्त बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष मिश्रा सहित अन्य चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने आकस्मिक चिकित्सा कक्ष, पंजीयन कक्ष, सामान्य और मेडिसिन ओपीडी, अस्थि रोग, दंत रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग विभाग का निरीक्षण किया। अधिकांश विभागों में चिकित्सक मरीजों का उपचार करते हुए मिले। शल्य चिकित्सा ओपीडी में चिकित्सक के वार्ड राउंड पर होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक सभी ओपीडी में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों और उनके परिजनों के बैठने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी और प्रतीक्षालयों में बैठने के लिए अतिरिक्त बेंच उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सम्मानजनक, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण का अधिकारी है, छोटी-छोटी सुविधाएं भी मरीजों के उपचार अनुभव को बेहतर बनाती हैं। अस्पताल परिसर में जलभराव और गंदगी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने सिविल सर्जन, परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, परिसर की समुचित सफाई का कार्य तीन दिनों के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षा ऋतु में अस्पताल परिसर में जलभराव की स्थिति किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होगी और व्यवस्थाओं में लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भवन के आसपास प्रभावी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में जलभराव से अस्पताल की सेवाएं प्रभावित नहीं हों। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती मरीजों, उनके परिजनों से सीधे संवाद कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों के व्यवहार और अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मरीजों की संतुष्टि ही स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक कसौटी है। इसलिए प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, आवश्यक दवाएं, स्वच्छ वातावरण और संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।



# साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूकता ही बचाव

**यातायात पुलिस ने चलाया सेफ क्लिक जागरूकता अभियान**

**नवभारत, कटनी।** जिलेभर में संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत यातायात थाना प्रभारी अनूप सिंह द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय और नोटरी कार्यालय परिसर में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात थाना प्रभारी और पुलिस टीम ने अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकगण, कार्यालयीन कर्मचारियों, पक्षकारों तथा आम नागरिकों से संवाद कर साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए, जागरूकता स्टिकर लगाए गए और बैनरों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया गया। नागरिकों को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी फर्जी लिंक, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम, सोशल मीडिया हैकिंग, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश, पार्ट-टाइम जॉब, केवाईसी अपडेट, बिजली बिल, बैंक अधिकारी बनकर कॉल करने सहित अन्य ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे किसी भी प्रलोभन, दबाव या संदिग्ध संदेश पर विश्वास न करने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता विवरण, एटीएम, डेबिट कार्ड नंबर, सीवीवी, यूपीआई पिन, पासवर्ड और अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होती है, तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

**एक नजर में**

## पॉलीटेक्निक प्राचार्य को नोटिस, मांगा जवाब

**नवभारत, कटनी।** जिला प्रशासन ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा बैठकों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने 29 जून को आयोजित समय-सीमा बैठक में बिना पूर्व अनुमति या सूचना के अनुपस्थित रहने पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र वरखेडकर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रत्येक सोमवार आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक जिला प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक होती है, जिसमें शासन की प्रमुख योजनाओं की प्रगति, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण, टीएल प्रकरणों और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की जाती है। इन बैठकों में सभी संबंधित विभागाध्यक्षों की नियमित उपस्थिति अनिवार्य है, ताकि शासन के निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। नोटिस में कहा गया है कि ऐसा करना वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना और पदीय दायित्वों में लापरवाही करना। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सात दिन के अंदर अपना संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करें।

# कर्मचारी से सरपंच पति ने की अभद्रता, कार्रवाई की मांग

**राय समाज ने रीठी थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना क्षेत्र में पदस्थ जनपद पंचायत के सहायक ग्रेड-3 के साथ कथित तौर पर जातिगत अपमान और धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में राय समाज के लोगों ने एकजुट होकर शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे रीठी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है जिले के रीठी जनपद पंचायत में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 उत्तम चंद्र राय ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत बरहटा के सरपंच पति ने उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और धमकी दी। घटना के बाद मामला तूल पकड़ गया। घटना से नाराज राय समाज के बड़ी संख्या में लोग रीठी थाना पहुंचे, जहां उन्होंने थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपते हुए आरोपी सरपंच पति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। समाज के लोगों का कहना है कि दोषी के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं रीठी थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की शिकायत प्राप्त हो गई है।

शिकायत के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# पहली बारिश में जलमग्न हुआ बस स्टैंड, घरों और दुकानों में घुसा पानी

**डेढ़ घंटे की झमाझम बारिश ने खोली नाला सफाई की पोल**



**नवभारत, बाकल।** मानसून की पहली तेज बारिश ने ही बाकल नगर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे से डेढ़ घंटे तक हुई झमाझम बारिश के चलते नगर से गुजरने वाला स्टेट हाईवे-48 बस स्टैंड क्षेत्र में जलमग्न हो गया। सड़क पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित रहा, वहीं कई घरों और दुकानों में गंदा पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के दोनों ओर बनी नालियां लंबे समय से साफ नहीं कराई गई हैं। नालियां पूरी तरह चोक होने के कारण बारिश का पानी निकासी नहीं पा सका और बस स्टैंड क्षेत्र तालाब में तब्दील हो गया। पूरे गांव का बारिश का पानी इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है, लेकिन नालियों की सफाई नहीं होने से पानी सड़कों और दुकानों में भर गया। बस स्टैंड क्षेत्र के व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि वर्षों से नालियों की नियमित सफाई नहीं हुई है। हर बारिश में यही स्थिति बनती है, जिससे गंदा पानी दुकानों और घरों में घुस जाता है। इससे सामान खराब होने के साथ व्यापार भी प्रभावित होता है। लोगों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। मानसून की पहली ही बारिश में उत्पन्न हुई इस स्थिति ने साफ कर दिया है कि यदि जल्द ही नालियों की सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आगामी दिनों में भारी बारिश के दौरान हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल नालियों की सफाई कराने और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी के छात्रों को कराया शैक्षणिक भ्रमण, प्राचार्य ने किया स्वागत

**स्कूल के प्रति रूचि जागृत करने कराया गया शैक्षणिक भ्रमण**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान क्षेत्र के पथवारी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक दो के बच्चों को शासकीय प्राथमिक शाला झिरिया टोला पथवारी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक मिथिलेश पुरी गोस्वामी द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से वार्तालाप कर सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रधानाध्यापक द्वारा उन्हें चॉकलेट वितरित की गई और पढ़ाई भी कराई गई। इस अवसर पर कुमारी सौम्या गोस्वामी से एबीसीडी का अभ्यास कराया गया और कुमारी वैष्णवी भूमिया द्वारा एक सुंदर कविता प्रस्तुत की गई। श्री मिथिलेश पुरी गोस्वामी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शुभा गोस्वामी के कार्यों की भी विशेष रूप से सराहना की गई। इस शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में विद्यालय के प्रति रुचि जागृत हुई।

# उत्पादन के आधार पर समर्थन मूल्य में खरीदी जाए मूंग

**बड़वारा विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने प्रदेश के किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर मूंग उपार्जन की वर्तमान व्यवस्था में बदलाव की मांग की है। विधायक ने मांग की है कि किसानों की मूंग की 100 प्रतिशत उपज का समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित किया जाए और वर्तमान में लागू प्रति एकड़ 1 क्विंटल खरीद सीमा को समाप्त किया जाए या वास्तविक उत्पादन के अनुरूप निर्धारित किया जाए। विधायक ने पत्र में कहा है कि वर्तमान व्यवस्था के कारण अधिक उत्पादन करने वाले किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन किसानों ने मेहनत कर अच्छी फसल तैयार की है, उनकी उपज का बड़ा हिस्सा समर्थन मूल्य पर नहीं बिक पा रहा है, जिससे उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर फसल बेचनी पड़ रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किसानों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके, विधायक ने इस संबंध में पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर, कटनी को भी आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस मांग पर जल्द निर्णय लेगी।



# गर्भावस्था के दौरान लें समुचित आहार

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ के बीएमओ डॉ विनोद कुमार और महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी के संतोष कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम देवरा कला के आंगनबाड़ी केद्र का टीकाकरण दिवस के दौरान निरीक्षण किया गया। इस दौरान देवरा कला क्रमांक 1 में 15 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। 16 बच्चों का टीकाकरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र गोरहा क्रमांक 1 में 1 गर्भवती महिलाओं की जांच और 9 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान समुचित आहार और उचित पोषण तत्वों को लेने संबंधित संयुक्त रूप से जानकारी दी गई।

**राजनीति** युवाओं, किसानों और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कांग्रेस करेगी विरोध प्रदर्शन, 15 जुलाई को मुख्यमंत्री निवास का घेराव

# खाद की कालाबाजारी से परेशान किसान, जनता के हित के लिए सड़क पर उतरेगी कांग्रेस




**नवभारत, कटनी।** युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, उज्जैन भूमि प्रकरण और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस ने जिला और प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का ऐलान किया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में शहर और ग्रामीण कांग्रेस की संयुक्त पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला और ग्रामीण जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और जनता के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में लाखों युवाओं का भविष्य संकट में है। नीट और सीबीएसई परीक्षा से जुड़े विवादों और विद्यार्थियों की शिकायतों ने शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छात्रों की गूंज अभियान के माध्यम से प्रदेशभर के विद्यार्थियों के बीच पहुंचेगी और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही, छात्रों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन करेगी। ग्रामीण जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि खरीफ सीजन के बीच प्रदेश का किसान खाद और बिजली संकट से जूझ रहा है। डीएपी, यूरिया और अन्य उर्वरकों की कमी, खाद की कालाबाजारी, पर्याप्त बिजली नहीं मिलने, टोकन व्यवस्था की अव्यवस्था के कारण किसानों की बुवाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की मूलभूत समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल रही है। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने उज्जैन भूमि प्रकरण का मुद्दा भी उठाया और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से पूरे मामले पर सार्वजनिक रूप से जवाब देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार और मुख्यमंत्री निर्दोष हैं तो पूरे प्रकरण की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराई जाए, सभी तथ्य जनता के सामने रखे जाएं। साथ ही महाकाल लोक परियोजना में उठे भ्रष्टाचार और गुणवत्ता संबंधी सवालों की भी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पार्टी जल्द ही एक विशेष डिजिटल पोर्टल शुरू करेगी, जहां प्रदेश का कोई भी नागरिक भ्रष्टाचार, सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग, कथित अवैध संपत्तियों से संबंधित जानकारी, दस्तावेज गोपनीय रूप से साझा कर सकेगा। सत्यापन के बाद इन तथ्यों को सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन के तहत प्रदेशभर में पत्रकार वार्ताएं, छात्रों की गूंज अभियान, 14 और 15 जुलाई को इंदौर से भोपाल तक जनजागरण कार्यक्रम, 15 जुलाई को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास का घेराव, जुलाई के अंतिम सप्ताह में उज्जैन में विशाल जनआंदोलन और रैली आयोजित करेगी। साथ ही विधानसभा सत्र में भी इन सभी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। जनता के हितों की लड़ाई सड़क पर लड़ी जाएगी।














